Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: NSS in collaboration with MSME-Development Office

Entrepreneurship Awareness Programme

24.11.2023

श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना में दिनांक 24.11.23 को राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एमएसएमई विकास कार्यालय,सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार तथापाटलिपुत्र औद्योगिक संस्थान पटना के संयुक्त तत्वाधान में एकदिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एमएसएमई विकास कार्यालय के प्रतिनिधियों ने छात्राओं को उद्यमिता के लिए जागरूक करते हुए भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी. इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने कहा कि छत्राओं को जॉब सीकर के बजाये जॉब गिवेर्स बनने की दिशा में प्रयासरत होना चाहिए. कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गीता कुमारी के द्वारा किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ करीब 50 छात्राएं उपस्थित रहीं.

अरविंद महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पटना नई सोच एक्सप्रेस। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय द्वारा अरविंद महिला महाविद्यालय, पटना स्थित सभागार में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आयुवर्ग के प्रतिभागिगण, उद्यमिगण इत्यादि ने भाग लिया। यह कार्यक्रम, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के उद्यमिता सह कौशल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य, उद्यमियों/भावी उद्यमियों/ छात्रों/ छात्राओं के बीच उद्यमिता के महत्व, प्रक्रियाओं, इस संबंध में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं बिहार राज्य में, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप कुमार, आई.आर.टी. एस. विशेष सचिव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार,पटना रहे जबकि अध्यक्षता प्रदीप कुमार, आई.ई.डी.एस. निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती, बिहार के महासचिव सुमन शेखर, बिहार महिला उद्योग संघ, पटना की कार्यकारी सदस्य श्रीमती कावेरी, अरविंद महिला महाविद्यालय, पटना के प्राध्यापक एम आई एच खान, गीता कुमारी, डॉ. रीता सिंह, साधना ठाकुर इत्यादि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वयन सम्राट झा, आई.ई.डी.एस.,सहायक निदेशक ने किया। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार, आई.ई.डी.एस. निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना ने सभी से उद्यमिता को अपनाने हेतु आह्वान किया। साथ ही हर संभव सहायता देने हेतु प्रतिभागियों को भरोसा दिया एवं उनके सवालों का निराकरण किया। मौके पर सम्राट झा, आई.ई.डी.एस सहायक निदेशक, ने अपने संबोधन में कार्यक्रम उद्देश्य के पर विस्तृत जानकारी दी और उद्यमिता का महत्व, प्रक्रियाओं, इस संबंध में विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। अतिथियों ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को उद्यमिता के क्षेत्र मे आगे बढ़ने हेतु आपने अनुभावों से उचित मार्गदर्शन किया। दिलीप कुमार, आई.आर.टी. एस. विशेष सचिव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार, पटना ने उद्यमियों एवं भावी उद्यमियों को बिहार राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और बिहार सरकार द्वारा चलाये जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी।